देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 103 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
बेरोजगार प्रवासी कामगारों की बड़ी तादाद



# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 19 जुलाई 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 32.0° | न्यूनतम 23.0°

36033.06

2 बातचीत की आड़ में चीन की चाल

7 वनडे से बाहर हुआ तो बुरा महसूस होता था

# फ्रंटलाईन कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेसिंग से प्रदेश में कोविड–19 की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोविड–19 के फ्रंटलाईन कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गम्भीर कोरोना संक्रमित मामलों पर जिलाधिकारी खुद नजर रखें। समय पर रेस्पोंस सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। कोरोना संक्रमित व्यक्ति को तत्काल इलाज उपलब्ध करवाना, जल्द से जल्द उसके सम्पर्क में आए लोगों की पहचान कर उनकी टेस्टिंग कराना सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी प्रकार की देरी नहीं की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सचिवालय परिसर में कोविड–19 के संक्रमण की रोकथाम तथा बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग और जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की।



### जनप्रतिनिधियों, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों से संवाद रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कोविड के पॉजिटिव मामलों में हुई वृद्धि को देखते हुए चार जिलों में शनिवार और रविवार को लॉकडाउन लागू किया गया है। आवश्यकता हुई तो आगे भी इस पर विचार किया जाएगा। पूर्व में देहरादून में दो दिन लॉकडाउन के अच्छे परिणाम मिले थे। इसे देखकर अन्य राज्यों ने भी अपने यहां लागू किया था। कोविड–19 में आम जन का सहयोग बहुत जरूरी है। इसके लिए जिलाधिकारी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और व्यापारिक संगठनों से लगातार सम्पर्क बनाए रखें। लोगों से संवाद बना रहना चाहिए।

**आक्सीजन सपोर्ट पर विशेष ध्यान दिया जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर पहले से काफी मजबूत हुआ है। आई.सी.यू., वेंटिलेटर, आक्सीजन सपोर्ट, टेस्टिंग मशीन व लेब आदि सुविधाओं में बढोतरी हुई है। जिलाधिकारी इनकी क्षमताओं की जांच भी करा ले। ये सुनिश्चित कर लिया जाए कि इनके संचालन के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध हैं। आक्सीजन सपोर्ट पर विशेष ध्यान दिया जाए। कोरोना संक्रमण के मामले आएंगे परंतु सही समय पर इलाज मिल जाना चाहिए। गम्भीर मामलों को चिकित्सक व्यक्तिगत तौर पर देखें और जिलाधिकारी भी इसकी मॉनिटरिंग करें। मृत्यु दर को बढ़ने नहीं देना है।

**डेंगू को लेकर हो विशेष अभियान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू पर भी सतर्क और सावधान रहना है। हर रविवार को विशेष अभियान चलया जाए। डेंगू को न पनपने दें।

**विस्तृत खबर पेज 8 पर.....**

### राज्य में आने वाले पर्यटकों से हो नम्रतापूर्वक व्यवहार: सीएस

मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश में आने वाले पर्यटकों से सहानुभूतिपूर्वक और विनम्रता के साथ व्यवहार किया जाए। जो भी जरूरी जांच हो, उसे तत्काल किया जाए ताकि पर्यटकों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। कोशिश करें कि पर्यटक यहां से अच्छी यादें लेकर जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि जिलों में फंड की कोई कमी नहीं है। फिर भी केविड–19 के लिए यदि किसी मद से व्यय किया जाना सम्भव न हो तो शासन स्तर पर बताया जाए। मुख्यमंत्री राहत कोष का इसके लिए उपयोग किया जा सकता है। टेस्टिंग के लिए प्राईवेट लेब का भी उपयोग किया जाए ताकि बेकलॉग की स्थिति न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### वसुंधरा ने तोड़ी चुप्पी, कांग्रेस पर बड़ा हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जयपुर। राजस्थान में जारी सियासी संकट के बीच राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता वसुंधरा राजे ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य के लोग इस कलह की कीमत चुका रहे हैं। कांग्रेस द्वारा बीजेपी नेताओं पर विधायकों की खरीद फरोख्त के लगाए जा रहे आरोपों पर वसुंधरा राजे ने कहा कि कांग्रेस अपने घर की लड़ाई में बीजेपी और बीजेपी नेतृत्व पर दोष लगाने की कोशिश कर रही है। वसुंधरा राजे ने ट्वीट करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के आंतरिक कलह का नुकसान आज राजस्थान की जनता हो उठाना पड़ रहा है।

### कोरोना कंट्रोल में नीतीश फेल? ऐक्शन में केंद्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
पटना। बिहार में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में स्थिति को और भी ज्यादा भयावह बना दिया है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला और भी तेज कर दिया है। वहीं एनडीए में शामिल एलजेपी प्रमुख चिराग पासवान ने भी इशारों इशारों में कोरोना मामले पर नीतीश सरकार को घेरने की कोशिश की है। मौजूदा स्थिति को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दूसरी उच्च स्तरीय टीम का गठन कर दिया गया है, जो रविवार को पहुंचेगी। यह टीम रविवार की सुबह संयुक्त सचिव लव अग्रवाल के नेतृत्व में पहुंचेगी।

### एडीजीपी ने खुद को मारी गोली, अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इम्फाल। मणिपुर पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजीपी) ने खुद को गोली मार ली है। एडीजीपी लॉ ऐंड ऑर्डर अरविंद कुमार ने कथित तौर पर अपने सरकारी आवास में खुद को सर्विस रिवॉल्वर से ही गोली मार ली। उन्हें अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के मुताबिक, वह इम्फाल में दृत्तीय मणिपुर राइफल कॉम्प्लेक्स में बने सरकारी क्वार्टर में रहते हैं।

# प्रदेश में नौकरशाही हो चुकी बेलगाम

■नहीं कर रहे जन प्रतिनिधियों का सम्मान

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने कहा है कि मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के कहने के बाद भी जन प्रतिनिधियों को नौकरशाह सम्मान नहीं दे रहे है और वर्तमान समय में प्रदेश में नौकरशाही पूरी तरह से बेलगाम हो चुकी है और इसका संज्ञान प्रदेश सरकार को लेने की आवश्यकता है।

सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि शहरी विकास मंत्री व शासकीय प्रवक्ता मदन कौशिक बैठक में जिस प्रकार से जिलाधिकारी ने किच्छा के विधायक राजेश शुक्ला को कह दिया कि आपकी याददाश्त कमजोर हो गई है तो ऐसे में यह जन प्रतिनिधि का अपमान है और वह भी सत्ताधारी दल का। ऐसे में प्रदेश के मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए। आज जिस प्रकार से प्रदेश में नौकरशाही पूरी तरह से बेलगाम हो गये है और वह जन प्रतिनिधियों का सम्मान करना भूल गई है।

नौकरशाह लगातार मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के आदेशों की अवहेलना करते हुए आ रहे है और जहां मंत्री की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा किच्छा विधायक राजेश शुक्ला का अपमान किया गया है। निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव एवं मंत्री को इसका संज्ञान लेना चाहिए और संबंधित जिलाधिकारी पर कार्यवाही की जाये ताकि भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो सके।

### भारत के सड़क और बांध निर्माण पर भी नेपाल को आपत्ति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
काठमांडू। चीन की राह पर चल रहे नेपाल ने अब भारत के सड़क और बाधों के बनाने पर आपत्ति जताई है। नेपाल ने तर्क दिया है कि भारत के सड़क और बांध बनाने से उसके क्षेत्र में बाढ़ की समस्या पैदा हो रही है। जबकि सच्चाई यह है कि नेपाल से आए पानी के कारण बिहार के कई हिस्से जलमग्न हैं।

नेपाल के समाचारपत्र कांतिपुर के अनुसार, ओली सरकार ने भारत को बकायदा राजनयिक पत्र भेजकर सड़क और बांध निर्माण पर आपत्ति जताई है। अखबार ने नेपाल के सिंचाई मंत्रालय के सचिव रवींद्र नाथ श्रेष्ठ के हवाले से लिखा है कि नेपाल विदेश मंत्रालय ने इस मामले में भारत को डिप्लोमेटिक नोट भेजकर आपत्ति जताई है। वहीं हर साल दोनों देशों के बीच होने वाले बाढ़ और जल प्रबंधन की संयुक्त समिति की बैठक को जल्द आयोजित करने की अपील की गई है।

# पूर्ण लॉकडाउन का असर पहाड़ में दिख रहा साफ

## रोडवेज व केमू के चक्के थमने से मुसीबत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। नैनीताल व ऊधम सिंह नगर में संपूर्ण लॉकडाउन का असर पहाड़ में साफ दिखा। जिला मुख्यालय से शनिवार को केमू के पहिए नहीं घूमे। रोडवेज को भी इक्का दुक्का सवारियां मिली। अल्मोड़ा गरुड़ बागेश्वर बस सेवा एक सवारी लेकर रवाना हुई।

लॉकडाउन पर पहाड़ में उहापोह से हालात रहे। यात्री बाहरी शहरों के सफर पर नहीं निकले। नतीजतन, रोडवेज की सुबह 7:30 बजे अल्मोड़ा टनकपुर व सुबह आठ फिर अपराह्न 1.30 बजे हल्द्वानी जाने वाली बससेवा ठप रही। उधर अल्मोड़ा गरुड़ बागेश्वर बस में एक, अल्मोड़ा अटपेसिया में दो जबकि अल्मोड़ा ताकुला बागेश्वर जाने वाली बस में मात्र सात यात्री ही बैठे। हल्द्वानी से पहाड़ के लिए बसें नहीं चली।

**हल्द्वानी डिपो की बसों के नहीं चले पहिए:** हल्द्वानी। लॉकडाउन के दौरान रोडवेज संचालन की अनुमति मिलने के बाद भी शनिवार को दोपहर एक बजे तर हल्द्वानी डिपो की एक भी बसों ने रफ्तार नहीं भरी। हालांकि काठगोदाम, अल्मोड़ा व रानीखेत की एक–एक डिपो एक्का–दुक्का यात्रियों को लेकर पर्वतीय क्षेत्रों को लिए रवाना हुई। हालांकि शाम तक यात्रियों के मिलने पर बसों को रवाना किया जाएगा।

हल्द्वानी से पिथौरागढ़ अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, रूद्रपुर, गंगोलिहाट, टनकपुर, दूनागिरी, जौरासी, भवाली आदि मार्गों पर बसों का संचालन किया जा रहा है।

### डीजल का खर्च निकालना तक दूभर

याद रहे अनलॉक–वन में 25 जून से शुरू रोडवेज बससेवा का टिकट महंगा होने से यात्री बैठने से कतरा रहे। इससे निगम लगातार घाटे में जा रहा। सूत्रों की मानें तो डीजल का खर्च निकालना तक दूभर हो चला है। शासन व निगम के दिशा–निर्देशों पर बसों के साथ ही यात्रियों को भी सेनिटाइज किया जा रहा। शनिवार को गिनेचुने यात्री ही मिले। हालांकि और दिनों भी सवारियां मिल नहीं रही। इससे रोडवेज को बड़ा घाटा झेलना पड़ा है।

**–केसी जोशी, वरिष्ठ स्टेशन प्रभारी अल्मोड़ा डिपो।**


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# मां गंगा को याद कर घर पर करें स्नान

सोमवती अमावस्या के सीएम ने की अपील

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि आगामी 20 जुलाई को सोमवती अमावस्या के दिन कोरोना महामारी के प्रकोप के कारण हरिद्वार में मां गंगा में स्नान करने के बजाय हम सब घर पर ही मां गंगा का स्मरण करके पवित्र भावों से स्नान करें ताकि इस महामारी के काल में आप सब सरकार को सहयोग कर सकें।

मुख्यमंत्री कहा है कि सोमवती अमावस्या के दिन तमाम हिन्दुओं की इच्छा होती है कि हरिद्वार जा कर के, मां गंगा में, हर की पैड़ी में सामुहिक स्नान करें लेकिन वर्तमान परिस्थितियां इसके लिए अनुमति नहीं दे रही हैं। परिस्थितियां सामान्य होंगी तो फिर हम पूरी सादगी के साथ, श्रद्धा के साथ व विश्वास के साथ हरिद्वार में मां गंगा में स्नान कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि मेरी आप सभी से विनम्र प्रार्थना है कि आप सरकार के साथ मिल कर के इस महामारी से लड़ने के लिए संकल्प लें।